CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वनस्थली विद्यापीठ

'संस्कृता' विभाग

शिक्षा-क्रम

वनस्थली (जयपुर राज्य)

१ जनवरी, १९४७

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वर्ग संख्या................ प्राप्ति-संख्या......................

ग्रन्थ-कार्ड

श्री गणेश वर्णी दि० जैन (शोध) संस्थान

ग्रन्थागार

नरिया, वाराणसी-५

ग्रन्थ नाम वनस्थली विद्यापीठ

लेखक..

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

२६०२

उद्देश्य और शिक्षाक्रम

वनस्थली विद्यापीठ का उद्देश्य छात्राओं को ऐसी शिक्षा देना है जिससे वे सफल गृहणी और माता के साथ ही साथ एक जागरूक और सफल नागरिक भी बन सकें और घर बाहर के जीवन में रुचि रखते हुए उसमें यथाशक्ति योग भी दे सकें। उक्त उद्देश्य को दृष्टिगत रख कर भारतीय संस्कृति और विशुद्ध राष्ट्रीयता के आधार पर विद्यापीठ के पञ्चमुखी शिक्षा-क्रम का निर्माण किया गया है जिसके पांचों अङ्ग इस प्रकार हैं :— (१) नैतिक शिक्षा (२) शारीरिक शिक्षा (३) गृहस्थ शिक्षा (४) ललित कला शिक्षा और (५) पुस्तकीय शिक्षा।

शिक्षाक्रम के विभाग और विषय

समूचा शिक्षा-क्रम निम्न दो विभागों में विभाजित किया गया है :—(१) "संस्कृता" विभाग और (२) बाह्य परीक्षा विभाग।

'संस्कृता' विभाग में उस अनिवार्य शिक्षा का समावेश किया गया है जो प्रत्येक लड़की के लिये आवश्यक समझी जानी चाहिये। इस विभाग को १ से ८ तक की कक्षाओं में विभाजित किया गया है और इस के लिये विद्यापीठ का अपना स्वतन्त्र पाठ्यक्रम है जो विस्तार पूर्वक आगे दिया गया है।

बाह्य परीक्षा विभाग में लड़कियों को राजपूताना बोर्ड की हाईस्कूल और इण्टरमीजियट तथा आगरा यूनिवर्सिटी की बी० ए० और एम० ए०, (अर्थ शास्त्र तथा हिन्दी) तथा भातखण्डे

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

यूनिवर्सिटी (लखनऊ) की सङ्गीत, जे० जे० स्कूल ऑव आर्टस् (बम्बई) की ड्राइंग और चित्रकला और निखिल भारतवर्षीय आयुर्वेद सम्मेलन तथा हिन्दी साहित्य सम्मेलन (प्रयाग) की आयुर्वेद की परीक्षाओं के लिये शिक्षा दी जाती है। इस विभाग में पुस्तकीय शिक्षा का पाठ्यक्रम तो परीक्षाओं के अनुसार होता है; पर छात्राओं की पञ्चमुखी शिक्षा का भी पूरा ध्यान रखा जाता है। ललितकला की शिक्षा के लिये छात्राओं को यथा सम्भव सुविधा देने का प्रयत्न किया जाता है। गृहस्थ शिक्षा के लिये कताई तथा पाक आदि के कार्य-क्रम में और शारीरिक शिक्षा की दृष्टि से खेल-व्यायाम में भाग लेना अनिवार्य है। नैतिक शिक्षा के लिये भी आवश्यक व्यवस्था की जाती है।

'संस्कृता' विभाग

:१:

नैतिक शिक्षा

विद्यापीठ के शिक्षा-क्रम में सर्व प्रथम स्थान नैतिक शिक्षा को दिया गया है। इस शिक्षा के द्वारा जहां एक ओर हम छात्राओं को अपने प्राचीन धर्म-ग्रन्थों तथा विभिन्न धर्मों के मूल तत्वों का संक्षिप्त परिचय और ज्ञान कराना चाहते हैं और इसके आधार पर उनमें सर्व-धर्म समन्वय का भाव उत्पन्न करना चाहते हैं, वहाँ दूसरी ओर हमारा यह भी प्रयत्न कि यह परिचय और ज्ञान छात्राओं में वे तमाम मानवोचित और व्यावहारिक गुण पैदा करने में सहायक हो जिनसे वे

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भली बन सकें, उनमें समाज-सेवा की वृत्ति जागृत हो और वे जीवन में सफल हो सकें। उक्त उद्देश्य को ध्यान में रख कर नैतिक शिक्षा सम्बन्धी पुस्तकीय ज्ञान देने के लिये एक विस्तृत पाठ्यक्रम तैयार कराने का प्रयत्न किया जा रहा है। यह पाठ्यक्रम जब तैयार हो जाएगा तो उसे पृथक् रूप में प्रकाशित कर दिया जायगा।

पुस्तकीय ज्ञान के अतिरिक्त वास्तविक नैतिक शिक्षा तो व्यावहारिक जीवन के द्वारा ही मिल सकती है। विद्यापीठ में नैतिक शिक्षा के इस पहलू पर बराबर ध्यान दिया जाता है और इसका प्रयत्न किया जाता है कि छात्राओं को ऐसा स्वस्थ और पवित्र वातारण मिले कि उनके जीवन में नैतिक गुणों का अधिक से अधिक विकास हो।

:२:

शारीरिक शिक्षा

इस में कई प्रकार के मनोरञ्जक और उपयोगी खेलों और व्यायामों का समावेश किया गया है जैसे तैरना, घुड़सवारी, साइकिलसवारी, जम्बिया, तलवार, भाला, लाठी, लेजिम, वॉलीबॉल, कबड्डी, बास्केट बॉल, राउण्डर, यौगिक व्यायाम आदि। इन सब खेल व्यायामों का उद्देश्य यह है कि छात्राओं में शक्ति, स्फूर्ति और साहस आये तथा वे स्वस्थ रह सकें।

खेलों और व्यायामों का सङ्गठन भारतीय तथा पाश्चात्य वीराङ्गनाओं विदुला, तारा, कमला, वीरा, अहिल्या, लक्ष्मी, जोन के नाम पर है। बालिकाओं में दलों के नेतृत्व का भार

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

देकर उत्तरदायित्व, अनुशासन और सङ्गठन की वृत्ति उत्पन्न की जाती है। ये सब दल वनस्थली के 'वीरबाला संघ' के तत्वावधान में सेवा तथा शक्ति की साधना करते हैं।

:३:

गृहस्थ शिक्षा

(क) शूची-शिक्षा (Needle work)

कक्षा–१

(१) सुई पिरोना, धागे में गांठ लगाना, सीधा टांका लगाना, तुरपन कराना, कार्ड के ऊपर एम्ब्राइडरी से अक्षर, जानवर, पक्षी आदि बनाना।

कक्षा–२

(१) कक्षा १ में किये हुए कामों का विशेष अभ्यास।
(२) रूमाल पर तुरपन, बखिया, जाली आदि बनाना।
(३) दो सलाई पर फन्दे डाल कर उल्टा-सीधा बुनना।
(४) क्रूशिये के काम का आरम्भ।

कक्षा–३

(१) कक्षा २ में किये हुए काम में विशेष अभ्यास।
(२) क्रोशिये से रूमाल तथा फूल बुनना।
(३) दो सलाई पर गुलूबन्द स्वेटर सादी बुनाई से बुनना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(४) सादा कसीदे के फूल-पत्ती बनाने का अभ्यास करना।
(५) काज बनाना सीखना, मोती के काम का आरम्भ(जैसे माला आदि बनाना)।

कक्षा—४

(१) कक्षा ३ में किये हुए कार्य में विशेष अभ्यास तथा सफ़ाई।
(२) काश्मीरी कसीदा सिखाना।
(३) क्रूशिये से बेलें आदि विशेष काम करना।
(४) दो सलाई से नई तथा भिन्न डिज़ाइन डाल कर सुन्दर स्वेटर बनाना।
(५) काज बनाने में निपुणता। मोती के काम में विशेषता।
(६) पैवन्द लगाना तथा सादा पेटीकोट बनाना।

कक्षा—५

(१) कटाई—पाजामा तथा ब्लाउज काटना व सुन्दर ढङ्ग से सीना सीने में विशेष सफ़ाई।
(२) कक्षा ४ के कार्य में विशेष अभ्यास, कसीदे और ऊन के तथा क्रूशिये के कार्य में विशेष सफाई।
(३) दो सलाई पर बच्चों के मोजे बनाना तथा भिन्न-भिन्न डिज़ाइन डालना।
(४) दो सूती कार्य आरम्भ किया जाय।

कक्षा—६

(१) कटाई—कक्षा ५ में बताई हुई चीजों का विशेष अभ्यास तथा निकर और कली का पेटीकोट काटना और सीना।
(२) नडिल के कार्य में विशेष योग्यता।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(३) दोसूती भली भाँति आना तथा प्रत्येक प्रकार के दोसूती के कार्य वह डिज़ाइन देख कर डालना।

(४) ऊन और क्रूशिये में विशेष योग्यता।

(५) कसीदे में डिज़ाइन के अतिरिक्त अन्य वस्तुओं का बनाना जैसे किसी चित्र का नमूना और नाम के अक्षरों को बनाना।

कक्षा–७

(१) कटाई—फ्रॉक और कमीज़ काटना और सुन्दर ढङ्ग से सीना।

(२) ऊनी फ्रॉक बुनना।

(३) चार सलाई पर छोटे और बड़े मोज़े बनाना। मर्दानी स्वेटर और ऊनी टोपा बनाना।

(४) अन्य प्रकार के नए कार्य से जानकारी।

(५) कक्षा ६ में किये हुए कार्य में विशेष अभ्यास।

कक्षा–८

(१) कटाई—छोटे बच्चों के कपड़े सीने में विशेष अभ्यास जैसे झँगला, जांघिया इत्यादि।

(२) पिछली कक्षाओं में बनाये हुए कपड़ों की कागज़ पर फिर से कटिंग और सभी कार्यों का दुहराना।

(३) जम्पर और फ्रॉक बनाना।

(ख) सूत्र-शिक्षा (Spinning)

विद्यापीठ के शिक्षा-क्रम में कताई को भी एक अनिवार्य स्थान प्राप्त है और प्रत्येक छात्रा के दैनिक कार्य-क्रम में सामूहिक

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कताई का भी समावेश किया है। इनके दल भी क्षमता के अनुसार तकली, धनुष तकली अथवा यरवदा चक्र का उपयोग करते हैं।–

(ग) पाक तथा गृहचर्या

कक्षा–१ और २

इन कक्षाओं में छात्राओं की छोटी उम्र होने के कारण कोई निश्चित पाठ्य-क्रम नहीं हो सकता। उनके शौक को देख कर कुछ छोटे-मोटे काम सिखाये जा सकते हैं। जैसे अनाज साफ करना, साग काटना, फुलके वेलना आदि। सफाई का भी थोड़ा-सा कार्य-क्रम रखा जा सकता है।

कक्षा-३

(१) अनाज साफ करना।
(२) सफाई (बर्त्तन, कमरे, चौक आदि की)
(३) साग काटना
(४) पाक (पराठा, साग सादा, सूखा और रसदार, खिचड़ी, रायता, चटनी)।
(५) सामूहिक पाक—फुलके वेलना, लोई बनाना।

कक्षा–४

(१) अनाज साफ करना।
(२) सफाई।
(३) साग काटना।
(४) पाक (फुलका, दाल, सादी कढ़ी, थूली, पिछले साग के कुछ विशेष ढङ्ग, नये रायते) शरबत।
(५) सामूहिक पाक—फुलके वेलना, रखना, चुपड़ना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कक्षा—५

(१) अनाज साफ करना, छानना ।
(२) सफ़ाई ।
(३) साग काटना ।
(४) पाक[पिछले पाठ्यक्रम को कुछ विशेषता के साथ, चावल, पूड़ी, हलुआ, पकौड़ी, मठरी, शकरपारे, चाय, दाल और साग का पानी (सूप)]।
(५) सामूहिक पाक—फुलके वेलना, और सेंकना ।

कक्षा—६

(१) अनाज साफ करना, फटकना !
(२) सफाई और धुलाई ।
(३) साग काटना, पीसना (१२ साल से छोटी लड़कियों से पीसना नहीं कराना है), कलई करना ।
(४) पाक—पिछले को दुहराते हुए, तहरी खीर, कचौड़ी, समोसे, बड़े, गुलाबजामुन, साबूदाना, मुंगौड़ी)
(५) सामूहिक पाक ।

कक्षा—७

(१) अनाज साफ करना ।
(२) सफाई, धुलाई, रँगाई ।
(३) साग काटना, पीसना, दलना, कलई करना ।
(४) पाक—पिछला दुहराते हुए, मीठे चावल, वाटी, वाफले, चील्हे चूरमा, नुकती दाने, मालपूए, मावा, मुरब्बे, अचार, पापड़, बाली, बड़े ।
(५) सामूहिक पाक ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कक्षा–८

(१) अनाज साफ करना।
(२) सफ़ाई, धुलाई, रँगाई आदि।
(३) साग काटना, पीसना, दलना, कलई करना।
(४) पाक—(पिछले कामों को दुहराते हुए, नाश्ते तथा दावत की चीजें, अलग-अलग त्यौहारों के पकवान बनाना, बीमारों के लिये पेय तथा खाना)।
(५) सामूहिक पाक।

नोट—सामूहिक पाक के विशेष अभ्यास के लिये विभिन्न अवसरों पर तथा महीने में कम से कम एक बार छात्रायें विशेष भोजन बनाया करें।

:४:

ललितकला–शिक्षा

(क) संगीत

कक्षा–१

संगीत विषय से रुचि उत्पन्न करने की दृष्टि से यथाशक्ति ग्रामोफोन, रेडियो आदि साधनों को उपयोग में लाना चाहिये। बच्चों की रुचि के अनुसार कुछ छोटे-छोटे गीत सिखाना उचित होगा।

गायन—

(अ) सरल गीत-(जिनका आधार शास्त्रीय संगीत हो) ज्यादा से ज्यादा तीन।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(आ) अभिनय गीत-दो या तीन।

कक्षा-२

इस कक्षा में भी सङ्गीत से रुचि बढ़ाने की ओर विशेष प्रयत्न होना चाहिये। इस दृष्टि से ग्रामोफोन आदि साधनों को उपयोग में लाना चाहिये।

गायन—

(अ) सरल गीत-(जिनका आधार शास्त्रीय सङ्गीत हो) कम से कम पाँच गीत सिखाना चाहिये।

(ब) अभिनय गीत-कम से कम तीन।

कक्षा ३

इस कक्षा में, पिछली दोनों कक्षाओं में मिली हुई शिक्षा तथा प्राप्त हुई रुचि को क्रियात्मक रूप देना है।

गायन—

(अ) शास्त्रीय संगीत-राग यमन, बिलाबल तथा खमाज इन रागों में एक-एक सरगम तथा एक गान सिखाना चाहिये। इन्हीं रागों में छोटे तथा सरल अलंकार भी सिखाते जाँय।

(ब) राष्ट्रगीत-एक।

(स) साधारण गीत-इनकी संख्या अधिक से अधिक दो हो। इसमें छोटे-छोटे भजनों का भी समावेश होना चाहिये।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(ङ) ताल—त्रिताल व दादरा तालों का ठेका, बोल, मात्रा सहित हाथ से ताली देकर अभ्यास करवाया जाय।

कक्षा—४

गायन—

(क) शास्त्रीय संगीत—काफी, भैरव, आसावरी, भैरवी इन रागों में एक-एक सरगम तथा एक-एक गान सिखाया जाना चाहिये। इन्ही रागों पर कुछ पलटे भी सिखाये जांय।

(ख) राष्ट्र गीत—एक

(ग) साधारण गीत—इनकी संख्या अधिक से अधिक तीन हो। भजन आदि गीतों का इसी में समावेश होगा।

नोट—इस कक्षा में छात्रा को शुद्ध स्वरों का उत्तम ज्ञान होना आवश्यक है।

(घ) ताल—एकताल और झपताल का ठेका, बोल, मात्रा सहित हाथ से ताली देकर अभ्यास करवाया जाय।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रथमवर्ग

गायन

(क) शास्त्रीय संगीत—

राग—यमन कल्याण, अल्हैया बिलावल।

इनमें एक एक सरगम तथा एक एक छोटा ख्याल अलाप तानों सहित सिखाना चाहिए।

(ख) राष्ट्रगीत—दो।

(ग) अन्यगीत-दो (इसमें भजनों का समावेश रहें)।

(घ) ताल—त्रिताल, एकताल, झपताल व दादरा।

अथवा

वादन—

(अ) शास्त्रीय संगीत-

राग—यमन कल्याण व बिलावल में एक एक मसीदखानी (विलंबित लय की) गत तान तोड़ों सहित सिखायी जाय।

(आ) ताल—गायन के पाठ्यक्रमानुसार रहेंगे।

शास्त्रीय ज्ञान :—

संगीत की परिभाषा, भारत की संगीत पद्धतियाँ नाद की परिभाषा, नाद का छोटा बड़ा पन, नादकी जाति अथवा गुण, नाद की उच्चनीचता, स्वर, सप्तक स्थान, सप्तक के बारह स्वर, थाट, अभ्यास क्रम के रागों का वर्णन।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

द्वितीय वर्ग

गायन—

(क) शास्त्रीय सङ्गीतः—भूपाली, खमाज, व आसावरी राग इन रागों में एक एक सरगम तथा एक एक छोटा ख्याल अलाप तानों सहित सिखाना चाहिए।

(ख) राष्ट्रगीत—दो

(ग) अन्यगीत—दो (इसमें भजनों का समावेश रहे)।

(घ) ताल—प्रथम वर्ग के पाठ्यक्रम के अतिरिक्त चौताल।

अथवा

वादन

(अ) भूपाली, खमाज व आसावरी रागों में एक एक मसीद खानी गत तानों सहित।

(आ) राग-यमन कल्याण के अलाप।

(इ) ताल-गायन के पाठ्यक्रमानुसार।

शास्त्रीय ज्ञानः—

प्रथम वर्ग के पाठ्यक्रम के अतिरिक्त राग, रागों के तीन भेद। वर्ण, अलंकार, वादी, संवादी अनुवादी, विवादी की परिभाषा। स्वरमालिका लक्षणगीत, ध्रुपद, धमार के वर्णन। गीत अवयवस्थाई, अतरा, संचारी आभोग। वक्रस्वर, पकड़, मात्रा लय की व्याख्यायें।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तृतीय वर्ग

गायन

(क) शास्त्रीय संगीत—काफी, सारंग, भैरवी रागोंमें एक एक सरगम तथा एक एक छोटा ख्याल अलाप तानों सहित अथवा ध्रुपद (ध्रुपद में दुगुन करना आवश्यक है)

(ख) राष्ट्रगीत :—दो

(ग) अन्यगीतः—दो (इसमें भजनों का समावेश रहे)

(घ) तालः—पिछले वर्गों के अभ्यासक्रम के अतिरिक्त तिलवाडा व धमार तालों के ठेके बोल मात्रा सहित ।

अथवा

वादन

(अ) रागः—काफी, सारंग व भैरवी रागों में एक एक रजारवानी तथा एक एक मसीदरवानी गत तान तोड़ों सहित ।

(आ) राग–भूपाली व भैरवी के अलाप ।

(इ) तालः–गायन के अभ्यास क्रमानुसार ।

शास्त्रीय ज्ञानः–पिछले वर्गों के अभ्यासक्रम के अतिरिक्त आश्रयराग व गायकों के गुण अवगुण ।

संस्कृता

गायन

(अ) शास्त्रीय संगीतः—बिहाग, व भैरव रागों में एक एक सरगम तथा एक एक छोटा ख्याल अलाप तानों सहित

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अथवा ध्रुपद या धमार (ध्रुपद, धमार में दुगुन व चौगुन आवश्यक है)

(आ) राष्ट्रगीत :—दो ।

(इ) अन्यगीत—दो (इसमें भजन का समावेश रहे)

(ई) ताल —पिछले सब की आवृत्ति

अथवा

वादन—

(अ) राग—देश, बिहाग, व भैरव रागों में एक एक रजाखानी व एक एक मसीदखानी गत तान तोडों सहित ।

(आ) राग— भैरव के अलाप ।

(इ) ताल—गायन के पाठ्यक्रमानुसार ।

शास्त्रीयज्ञान—पिछले वर्गों के अभ्यास क्रमकी आवृत्ति तथा संधि प्रकाशराग प्रकरण ।

चित्रकला की शिक्षा के उद्देश्य

कक्षा १

१—सृजन शक्ति का विकास ।

२—दृष्टि की साधना, सुगमता के रूप—रंग का ज्ञान और वास्तविकता और यथार्थ की पहचान ।

३—मानसिक शक्तियों का विकास करना और उन शक्तियों का उपयोग करने में समर्थ बनाना ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

४–सौंदर्य का ज्ञान बढ़ाना और उसकी सराहना करने की योग्यता उत्पन्न करना।

५–सत् कला की आधारभूत बातों का ज्ञान और अभ्यास करना, जिससे जीवन में सरलता तथा सुन्दरता का समावेश हो।

६–अपने मनोभावों और विचारों को सरल सुन्दर तथा स्वाभाविक रीति से व्यक्त कर सकना।

७–स्वावलम्बन आ सके।

उपर्युक्त उद्देश्यों पर हमारी कला शिक्षा आश्रित है, ये ही कला के मूलभूत सूत्र हमने माने हैं। छात्राओं के कार्य पर, उनकी सृष्टि तथा अङ्कन–वस्तु पर ही अध्यापक को जड़रूप होकर विशेष ध्यान देने की इतनी आवश्यकता नहीं है, जितनी कि उसे छात्राओं के नैसर्गिक विकास पर जागरुक प्रहरी की भांति ध्यान रखने की तथा उनकी सृष्टि को अपनी सहानुभूति पूर्ण अन्तर्द ष्टि से अवलोकन करने की। सफल शिक्षक का कर्त्तव्य है कि वह प्रत्येक छात्रा की व्यक्तिगत भावनाओं तथा अनुभूतियों को विकास देने का प्रयत्न करे। छात्राओं को मूक तथा जड़ न बनने दे, तथा इनमें लगातार सुरुचि और सफल चित्रण के लिये प्रेरणा भरता रहे।

कक्षा १

(१) कल्पना चित्रण :—

कल्पना को व्यक्त करने पर विशेष ध्यान दिया जाये। प्रत्येक छात्रा की अनुभूतिगत कल्पना को ही व्यक्त कराया जाये। शिक्षक अपनी कल्पना तथा विचारों से बच्चों की मौलिकता नष्ट न करें।

(२) स्मृति चित्रण:—

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

स्मृति से सरल वस्तुओं के रूप अङ्कित करना, जैसे पत्ते, फल-फूल और साधारण वस्तुएँ, जिनको छात्राएँ रात-दिन देखती रहती हैं।

(३) रंग-ज्ञान :

नीले, पीले और लाल रंगों का ज्ञान तथा वस्तुओं में इनकी पहचान। अङ्कित आकृतियों में अपने रंग-ज्ञान के आधार पर केवल इन्हीं तीन रंगों को अदल-बदल कर भरना।

(४) छाया-चित्रण :

सरल आकृतिवाली वस्तुओं की छाया डालकर छायारूप को रेखाबद्ध करना।

(५) विशेष

बैठने तथा पेंसिल और तूलिका पकड़ने का सही तरीका बतलाकर कलाई और भुजाओं को सरलता से चलाने का अभ्यास अच्छी तरह कराना चाहिए। शिक्षक को इन बातों पर पूरा-पूरा ध्यान देना चाहिए जिससे उनकी आदत इस प्रकार पड़ जाये।

कक्षा २

(१) कल्पना-चित्रण

कक्षा १ के समान।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

स्मृति से पत्तों की टहनियाँ, फूलों के गुच्छे, छोटे फल, पक्षी तथा निर्जीव वस्तुओं का अंकन।

(३) आलङ्कारिक चित्रण (Design)

अङ्कित आकृति तथा रूपों को भिन्न-भिन्न प्रकार से दोहरा कर अलङ्कार-चित्र अङ्कित करना। शिक्षक को संयोजन की दृष्टि से छात्राओं के कार्य में गुण-दोष बतलाना चाहिए।

(४) रंग-ज्ञान :

लाल, पीले, और नीले रंगों के मेल से बैंगनी, नारंगी और हरा रंग बनाना इन रंगों को आसपास की वस्तुओं में पहचानना और बनाई हुई आकृतियों में इन रंगों को भरना।

(५) छाया-चित्रण :

पिछली कक्षा की ही भाँति परन्तु कुछ कठिनरूप अङ्कित करवाये जायें, जिससे अंगुलियाँ अच्छी तरह घूम सकें।

(६) विशेष :

पिछली कक्षा के समान। सीधे आसन से बैठकर कार्य करने की आदत डाली जाये। चित्रकला में सफाई तथा स्वच्छता का महत्व बतलाया जाये और उनको उसी प्रकार रहने के लिए शिक्षा दी जाये।

कक्षा ३

(१) कल्पना-चित्रण :

सरल तथा साधारण रूप बच्चों की कल्पना के अनुसार अङ्कित करवाये जांय; वस्तुओं को देखे हुए रूपों से भिन्न रूपों में अङ्कित करवाना चाहिए।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(२) स्मृति-चित्रण

दैनिक उपयोग की वस्तुओं के चित्र तथा पक्षी, तितली और पशुओं की रूप रेखा अङ्कित करना।

(३) आलङ्कारिक चित्रण (Design) :

अङ्कित रूपों को कई प्रकार से जनाकर तथा दोहरा कर किनारी और पट्टी के आलंकारिक चित्र अंङ्कित करना और रंग भरकर चित्र को पूर्ण करना।

(४) रंग-ज्ञान :

लाल, नीले, पीले, काले और सफेद रंग को मिलाकर कई प्रकार के हलके-गहरे रंग बनाना। उनके नाम जानना।

(५) छाया-चित्रण :

फूल-पत्तियों और वस्तुओं की छाया डालकर भिन्न भिन्न रंगों से आलेखन करना।

कक्षा ४

(१) कल्पना-चित्रण :

पिछली कक्षा के समान ही, आकृति-गठन पर विशेष ध्यान दिया जाये।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(२) स्मृति-चित्रण :

तितलियों, पशु-पक्षियों आदि को कार्य करते हुए अङ्कित करना फलों और फूलों को, उनका विकास बतलाते हुए अङ्कित करना।

(३) प्रकृति-चित्रण:

प्रकृति के प्रधान सरल रूपों तथा अङ्गों (पहाड़, जल, लहर, बादल, भूमि टीले और वृक्ष इत्यादि) का अङ्कन।

(४) आलङ्कारिक चित्रण: (Design)

पट्टी, सरल बेल, कोना तथा मध्य का आलङ्कारिक चित्र अङ्कित करना। सीखे हुए पौधों के फूल-पत्तों से ही चित्र बनाना।

(५) रंग-विज्ञान :

लाल, नीले, और पीले को मिलाकर विभिन्न प्रकार के हलके गहरे रंग बनाना। सफेद और काले रंग को मिलाकर उजले और धुंधले रंग बनाना।

(६) छाया-चित्रण :

भिन्न-भिन्न पौधों की पत्तियों तथा फूलों के विविध रूप अङ्कित करना और मूल वस्तु को देखकर चित्रित रूपों में रूपों को पूर्ण करनेवाली रेखायें डालना तथा अङ्ग विन्यास करना।

कक्षा ५

(१) कल्पना-चित्रण :

सरल बाल-कहानियों तथा घटनाओं को संकेत रूप में चित्रित करना, विचार तथा कल्पना को विकसित करनेवाले

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चित्र भी छात्राओं को दिखलाये जाँय और उन चित्रों के विषयों में उनकी निजि राय ली जाय, जिससे दृष्टि के साथ ही उनकी कल्पना भी काम करे। पशु-पक्षी तथा आकर्षक जंतु वर्ग ही इस क्षेत्र में आने चाहिए।

(२) स्मृति-चित्रण :

कोई सरल जीवाकृति दिखलाकर फिर उसका चित्र अङ्कित करवाया जाये। किसी कार्य का कई रूपों में छात्राओं को अवलोकन करवा कर फिर स्मृति द्वारा उस कार्य को चित्र रूप में व्यक्त करवाया जाये।

(३) वस्तु-चित्रण:

गोलाकार तथा चतुष्कोणाकार सरल समतल वस्तुओं का चित्रण। सरल रेखा रूप को सही ढंग से नापना। वस्तु में छाया प्रकाश (Light & Shade) का ज्ञान होना और चित्र में छाया (Shade) अङ्कित करना।

(४) प्रकृति-चित्रण :

फूल और पत्तों को भिन्न-भिन्न अवस्थाओं में रंग से बनाना।

(५) आलंकारिक चित्रण (Design)

किसी प्रयोजन के लिये किन्हीं आकृतियों के संयोजन से सरल आलंकारिक चित्र बनाना। कसीदे के काम में आने वाले सरल चित्र अङ्कित करना, अल्पना और साँझी (Stencil) अङ्कित करना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(६) ज्यामितिक-चित्रण

बिन्दु, रेखा तथा कोणों की परिभाषायें जानना और उनके रूपों का अंकन। ज्यामितिक उपकरणों—पटरी, परकार और गुणियों (Set Squares) का उचित उपयोग जानना।

(७) रंग-विज्ञान:

शुद्ध, मिश्रित और बहुमिश्रित रंगों का पूर्ण ज्ञान, उनकी श्रेणियाँ, प्रभाव और नाम जानना। रंग-चक्र बनाना।

(८) विशेष :

किसी शुभ अवसर पर या त्यौहार पर भेंट करने के लिये मंगल-कामना-पत्र बनाना। नागरी अङ्कों और अक्षरों का पारस्परिक अनुपात और रूप का ज्ञान तथा अङ्कन।

कक्षा ६

(१) कल्पना-चित्रण :

कक्षा ५ के ही समान तथा कल्पना से कार्यरत जीव-जन्तु और मनुष्यों को अङ्कित करना और रंग भरना।

(२) स्मृति-चित्रण :

कक्षा ५ के ही समान, परन्तु रूप अधिक स्पष्ट और पूर्ण हो।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(३) वस्तु–चित्रण

चतुष्कोणाकार तथा गोलाकार अचल वस्तुओं को देखकर चित्र अङ्कित करना। वस्तुओं का अनुपात। स्थिति और संबन्ध तथा छाया–प्रकाश को ध्यान में रखते हुये पूर्ण चित्रण।

(४) प्रकृति–चित्रण :

फूल–पत्तों पौधों के सुन्दर अङ्गों का चित्रण। छाया–प्रकाश तथा रंग–संकेत करना आवश्यक है।

(५) आलंकारिक चित्रण (Design)

प्रकृति से अध्ययन किये हुये पौधों के सुन्दर अङ्गों का वेल-बूटों के रूप में विभिन्न प्रकार से संयोजन करके आलं-कारिक चित्र-रचना करना। इन चित्रों को कई रंगों में अथवा एक रंग या पेंसिल से छाया–प्रकाश देकर पूर्ण करना। नागरि अक्षरों को रंजितरूप में रचना करना।

ज्यामितिक–चित्रण :

त्रिभुज तथा चतुर्भुजों की परिभषायें और रूप का ज्ञान तथा अङ्कन।

(७) खाके काटना और छापना :—

सांझी (Stencil) के लिए खाके काटना और सांझी अङ्कित करना तथा खाके से चित्र छापना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(८. रंग-विज्ञान :

रंग और छाया-प्रकाश, गरम और ठंडे रंग अर्थात् आगे पीछे हटने वाले रंग। रंग-संयोजन और सौंदर्य, रंग और प्रकृति, इन्द्रधनुष का चित्रण तथा उसमें रंगों का अनुपात और मिश्रण का अध्ययन।

कक्षा ८

इन कक्षाओं में छात्राओं को सभी प्रकार की तथा सभी काल की उत्तम कला कृतियों के अवलोकन का तथा अध्ययन का अवसर दिया जाये। यथार्थ और आदर्श रूप का ज्ञान भली भांति करा दिया जाये। छात्राओं के कार्य में उनकी रुचि तथा व्यक्तित्व व्यक्त हो, इसका ध्यान रहे तथा उनके लिए उसी प्रकार के कार्य की व्यवस्था संतोष प्रद रूप से रहे।

कक्षा 'संस्कृता' (८) पर हमारी पहली मंजिल समाप्त होती है। न मालूम आगे की मंजिल में कौन छात्रा किस दिशा की ओर अग्रसर हो? अतः हमें यह आशा और विश्वास नहीं है कि केवल प्रकृति से प्राप्त कला-प्रतिभा वाली छात्राओं के अतिरिक्त प्रत्येक छात्रा कलाकार बने। अतः शिक्षक को चाहिये कि छात्राओं में आदर्श कला के प्रति सद्भावना तथा सुरुचि उत्पन्न करे। भारत की उत्तम प्रान्तीय तथा जातीय कला-कृतियों के बारे में उन्हें जानकारी हो, उनकी परम्परा की विशेषताओं और

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावनाओं को समझाया जाय। इस से वे भावी जीवन में सत्कला में रस ले सकें, सत्कार कर सकें, परिवार तथा समाज में कला को प्रोत्साहन दे सकें और निम्न कोटि की कला से बच सकें।

कक्षा ७

(१) कल्पना-चित्रण :

अपनी कल्पना से प्राणी-चित्र, दृश्य-चित्र, अथवा घटना चित्र अङ्कित करना और उसे रंगों में पूर्ण करना।

(२) प्रकृति-चित्रण :—

दृश्यांकन तथा दृष्टिगत रूपों का सरल रेखांकन। दृश्यांकन के लिये छात्राओं को बाहर ले जाना चाहिए!

(३) वस्तु-चित्रण :

अचल वस्तुओं को देख कर रेखांकन करना और छाया-प्रकाश दिखा कर पूर्ण करना। दृष्टिक्रम (Perspective) के नियम जानना। किसी चित्र या रूप को छोटा अथवा बड़ा बनाना।

(४) अलंकरण (मंडन-शिल्प):

भावगत आलंकारिक सृष्टि करना। रचना के अंग प्राकृतिक और सुन्दर-गठित रूप के रहेंगे। विभिन्न प्रकार की बेलें: बन्दनवार, चौक और आल्पना की रचना। नागरी अङ्कों और अक्षरों की रचना और चित्र रूप में संयोजन।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(५) खाके काटना और छापना (Stencil)

खाके काटकर उन्हें विभिन्न रंगों में छापना।

(६) ज्यामितिक चित्रण :

वृत्त तथा बहुभुज क्षेत्रों के रूपों का ज्ञान और अङ्कन।

(७) रंग-विज्ञान :

एक रंग का दूसरे रंग पर प्रभाव, ओज और माधुर्य, मानव-प्रकृति और रंग, समपूरक और अनुपूरक रंग। रंगों का अनुपात और पारस्परिक मेल।

(८) भारतीय कला का इतिहास :

भारतीय चित्रकला के विकास का प्रारम्भिक इतिहास। हिन्दू काल और उसके अन्तर्गत प्रधान शैलियों तथा प्रसिद्ध-प्रसिद्ध कला स्थानों का परिचय।

"संस्कृताः" कक्षा ८

(१) कल्पना-चित्रण :

अपनी कल्पना से विभिन्न आकृतियाँ, प्राणी-समूह, दृश्य इत्यादि अङ्कित करना तथा किसी भाव को चित्रित करना।

(२) प्रकृति-चित्रण :

एक रंग, पेंसिल अथवा अधिक रंगों में दृश्यांकन। दृश्यांकन के लिए छात्राओं को बाहर लेजाना चाहिए। उन्हें प्रकृति, मौसम और

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

काल का ज्ञान हो और वैसे वातावरण की चित्र में सृष्टि कर सकें, इसलिए उपयुक्त अवसरों पर प्रकृति-चित्रण अवश्य करवाया जाय।

(३) वस्तु-चित्रण :

सामने रखी हुई वस्तुओं का चित्र अङ्कित करना। स्थिति और अनुपात के अनुसार सही अंकन। दृष्टिक्रम (Perspective) के नियम जानना। सब रंग काम में लाये जा सकते हैं।

(४) अलङ्करण (मण्डन-शिल्प) :

विविध श्रेणी और रूप के मण्डन-शिल्प की सृष्टि करना। रूप, छाया-प्रकाश और रङ्गों के संयोजन द्वारा उनको पूर्ण करना नागरी और रोमन वर्ण-माला के अङ्कों-अक्षरों की रचना और चित्र में उनका संयोजन करना।

(५) संयोजन :

दृश्य, मानव, प्राणी और वस्तुओं का संयोजन।

(६) ज्यामितिक चित्रण :

विभिन्न बहुभुज क्षेत्रों का ज्ञान और अंकन। सरल मापक (Plain scale) अङ्कित करना और उसका उपयोग।

(७) रङ्ग-विज्ञान :

रङ्गों का संयोजन, पारस्परिक मेल (Colour Harmony) और रङ्ग तैय्यार करना (Colour-mixing) तथा रङ्गों के अनुपात का ज्ञान।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(८) विशेष :

जाली इत्यादि की रचना। दीवार पर रेखाङ्कन करना और रङ्ग लगाना। आल्पना करना (छात्राएँ रङ्ग स्वयं तय्यार करें) मङ्गल-कामना-पत्र बनाना। किसी उत्सव अथवा मङ्गल कार्य के अवसर पर सजावट और अलङ्करण का कार्य करना।

(९) भारतीय कला का इतिहास :

भारतीय कला की प्रधान शैलियों का संक्षिप्त ज्ञान। उनकी परम्परा तथा भावनाओं का उस काल की दृष्टि से ज्ञान। भारतीय कला-जगत में नवजागरण के इतिहास का परिचय और प्रतिनिधि आधुनिक काल के कलाकारों—विशेष रूप से स्त्री कलाकारों-के बारे में जानकारी होनी चाहिए।

अजन्ता के कला मण्डपों का पूर्ण अध्ययन।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पुस्तकीय शिक्षा

कक्षा १

१:–हिन्दी

भाषा शिक्षा के निम्नलिखित अङ्क होंगे।

(क) मौखिक अभ्यास

(अ) (वार्तालाप संलाप)— बच्चे मनुष्य-शरीर के भिन्न-भिन्न अङ्गों, अपने कपड़ों, कक्षा के कामों और वस्तुओं के अतिरिक्त दैनिक जीवन में प्रयुक्त वस्तुओं, क्रियाओं, घटनाओं और चित्रों के विषय में सरल संलाप कर सकें।

(आ) कथा कहानियाँ– निम्न लिखित विषय की कहानियाँ सुनें, समझें, और कह सकें—

(१) पौराणिक कथायें (२) लोककथायें (३) प्रकृति-विषयक कथायें (४) पशुजीवन की कथायें (५) भिन्न–भिन्न देशों के जीवन की कहानियाँ (६) आदिमानव के प्राचीन-कालीन जीवन की कहानियाँ (७) शाला–जीवन तथा परिवार जीवन की कहानियां।

(४) (५) तथा (६) सामाजिक विज्ञान (इतिहास) में भी रहेंगे

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(इ) कविता-पाठ— सरल कविताओं का भावात्मक पाठ।

(ई) अभिनय— सभी समझी हुई कहानियों का अभिनय

(ख) अध्ययन

अक्षरारम्भ से ६ मास तक लिखना सिखाने की आवश्यकता नहीं है। इन ६ महीनों में मौखिक शिक्षा होगी और उसी के द्वारा छात्रों में लिखने की उत्सुकता उत्पन्न करनी होगी।

(१) अक्षर-ज्ञान में इस बात का ध्यान रक्खा जाय कि सरल आकृतियों के अक्षर पहले और जटिल तथा जटिलतर पीछे सिखाये जायें।

(२) आकार में समानता वाले अक्षर साथ-साथ सिखायें जावें, जिससे उनका पारस्परिक भेद स्पष्ट हो, जैसे।

(क) ग म भ झ

(ख) र स ख ए श

(ग) प फ अ ण ष य थ

(घ) व ब च क ज न त्र

(ङ) त ल

(च) ट ठ ढ द घ ध छ ह इ उ ह ङ ह

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(ग) लेखन

(अ) अनुलेख—पढ़े हुए शब्दों और वाक्यों को अपनी पट्टी पर सरकण्डे की क़लम और खड़िया स्याही से शुद्ध प्रतिलिपि।

(आ) सुलेख—

(१) अनुलेखों में अक्षरों की बनावट में सुन्दरता पर पूरा पूरा ध्यान दिया जाय। शिक्षक स्वयं अपने हाथ से क़लम के मोड़ों द्वारा छात्रों का अक्षर की शुद्ध आकृति हृदयङ्गम करावें। इस दिशा में कार्ड बोर्ड लकड़ी या प्लाईवुड़ के सुन्दर कटे हुए अक्षरों से अच्छी सहायता ली जा सकती है

तीन अक्षरों तक के असंयुक्त सरल शब्दों और उनसे बने हुये सरल वाक्यों का शुद्ध उच्चारण से पाठ।

२: गणित

अङ्कगणित

(प्रथम अर्द्धवर्ष)

(१) वस्तुओं से १०० तक गिनती गिनना और ज्ञान कराना कि गिनती १० के विभागों में बँटी हुई है।

(२) दस-दस पाँच पाँच और दो-दो करके १०० तक गिनना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(४) (+,-) जोड़-बाकी के चिन्हों का ज्ञान

(५) तोला व वजनों का ज्ञान। फुट, गज और तार का परिचय, रुपया व उससे छोटे हिस्सों का ज्ञान।

सूचनाः गिनती में रुचिकर खेल खिलाये जायँ। मौखिक गणित पर जोर दिया जाय।

रेखागणित

रेखागणित की सरल आकृतियों (सरल रेखा, टेढ़ी रेखा आदि) का ज्ञान

३: सामाजिक विज्ञान

(क) इतिहास

१, पृथ्वी की कथाः पृथ्वी का जन्म.. प्राचीन काल के कुछ प्रसिद्ध, जीव, जो अब नहीं मिलते; आदी-मानव।

२, आदि-मानव की कहानीः आदि मानव अपनी आवश्यकताओं को कैसे पूरा करते थे और उन्होंने सभ्य जीवन के निम्नलिखित संस्कार कैसे बढ़ाये ?

(i) उनका निवास, गुफा, वृक्ष, लकड़ी आदि के मकान।

(ii) उनके वस्त्र या प्राकृतिक रचा, पत्तियों, छालों आदि से शुरु होकर धीरे-धीरे ऊनी, सूती और रेशमी कपड़ों का विकास।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आरम्भिक रूप में कृषि।

(iv) उनके हथियार और औजार, लकड़ी, पत्थर, कसकुट और लोहे का प्रयोग।

(v) उनकी आत्माभिव्यक्ति के साधन–बोल-चाल, आदि लेखन और चित्रण।

(vi) उनके साथी और सहायक—घोड़ा, कुत्ता, गाय आदि।

३ वर्तमान काल में आदिम जीवन–अफ्रीका का मूल निवासी आस्ट्रेलिया के बुशमैन–सीलान के वेद और हिन्दुस्तान के संताल, भील, गोंड आदि।

४ सभ्यता का जन्मस्थान–कृषि और पशुपालन का प्रारम्भ– नदियों की तटभूमि वाले देश (मिश्र, चीन, भारत, मेसोपोटामियाँ आदि)

(ख) भूगोल

भूगोल की शिक्षा निरीक्षण और प्रत्यक्ष अनुभव से आरंभ होगी।

निम्नलिखित वस्तुओं का यथासंभव प्रत्यक्ष ज्ञान कराना और इनके संबन्ध में कुछ मोटी मोटी बातें बतलाना चाहिए प्रत्यक्ष ज्ञान के अभाव में चित्र, मानचित्र या छोटे मॉडलों का उपयोग हो सकता है।

(१) आकाश परिचय :–सूर्य, तारे पृथ्वी और चन्द्रमा का परिचय :

(२) पृथ्वी–परिचयः

प्राकृतिक पदार्थ—पहाड़ी, पहाड़, नदी, झरने, सोते, झील और समुद्र का परिचय,

कृत्रिम पदाथ :—कुआ, बावड़ी तालाव, बन्ध नहर, खेत और बाग-बगीचे का परिचय।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(३) नैसर्गिक दृश्य और व्यापार:–(Natural Phenomena दिन, रात, ऋतुयें, (सर्दी, गर्मी, वर्षा) हवा, आँधी, वृष्टि और इन्द्रधनुष की पहिचान।

(४) देश-परिचय:– (ग्लोब की सहायता से) भूमण्डल के जल और स्थल विभाग – महाद्वीपों और महासागरों के नामों का ज्ञान।

(ग) सरल नागरिक शास्त्र

१–नागरिक जीवन

(अ) शाला-जीवनआशा— की जाती है कि शिक्षक अपने आचार द्वारा कक्षा और खेल के मैदान में छात्राओं का पथ प्रदर्शन करेंगे कि उनमें समुचित सामाजिक और नागरिक व्यवहार विकसित हों जैसे:– पारस्पारिक व्यवहार, आदर और सहानुभूति कक्षा, विद्यालय और उसके पडौस की स्वच्छता। इस शिक्षण-कार्य में सामाजिक, धार्मिक और राष्ट्रीय समारोहों से पर्याप्त सहायता मिलेगी।

(आ) गृह–जीवन—बालक को यह ज्ञान कराने का प्रयत्न होना चाहिये कि घर की एक व्यवस्थित संस्था या समाज के रूप में महत्ता है, और उसमें गुरुजनों, बराबरवालों और छोटों के प्रति समुचित व्यवहार करने की रुचि उत्पन्न करनी चाहिए।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

विशेष : यह सब काम व्यावहारिक अर्थात् प्रायोगिक रूप से होगा ।

४ : गृह-विज्ञान

स्वास्थ्य रक्षा—

इस कक्षा में स्वास्थ्य रक्षा (Hygiene) की शिक्षा प्रायोगिक (Practial) रूप से होगी। अध्यापकों को इस बात की देख-भाल रखनी होगी कि बच्चों के कपड़े, शरीर, बाल, नाखून, दाँत, नाक, कान, और आँख स्वच्छ रहे। बालों में लीख नही होने पावें नाखून न बढने पावें और बच्चों में दाँतों से नाखून काटने की आदत न पड़े। बच्चों की आँखों पर समुचित ध्यान रहे और यह मालूम होने पर की उन की आँख की रोशनी में कुछ खराबी है, जाँच कराकर चश्में कि व्यवस्था हो। उनके पीने के लिए शुद्ध और स्वच्छ जल की व्यवस्था हो।

शिक्षा के कमरे को साफ और हवादार रखा जाय। उसकी सफाई में छात्राओं से सहायता ली जावे। स्वयम् अध्यापक को अपने ढंग और रहन-सहन से स्वास्थ्यरक्षा के सिद्धान्तों का आदर्श बनना चाहिये। स्वास्थ्य सम्बन्धी आदतें डालने के सम्बन्ध में यह ध्यान रहे कि प्रत्येक वस्तु को क्रम से और स्वच्छता तथा सुन्दरता से सजाकर रखने की वृत्ति बच्चों में बने। पाठशाला आते समय वे साफ सुथरे रहें उन्हें आदेश देना चाहिये कि वे अपनी पुस्तकें और दूसरी चीजें ढ़ंग व सफाई से रखें।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कक्षा १

५ साधारण विज्ञान

(क) जीव-ज्ञान—गाय, बिल्ली, कुत्ता, चूहा, कौआ मोर के बारे में जानकारी; उनकी आदतें; बदन के बनावट की खास खास बातें।

(ख) वनस्पति-ज्ञान—पेड़ और पौधे में फर्क, नीम, पीपल, आम, बबूल, बड़ का उदाहरण देकर कुछ पेड़ों के नाम बतलाना, इसी तरह मूली, गाजर, लौकी, तुरई आदि प्रमुख शाक आसपास के भाजियों से परिचय कराना। कुछ फूलों से परिचय कराना।

(ग) प्रकृति-ज्ञान—३ मुख्य ऋतुएँ। सप्ताह के ७ दिन के नामों को बतलाना। १२ महीनों को बतलाना। उजेले और अँधेरे पक्ष को समझाना।

(घ) भौतिक-ज्ञान—तीन तरह के पदार्थ: ठोस, द्रव और गैस में पहिचान। खुशबू और बदबू का ज्ञान। तीन प्रमुख (लाल, पीला नीला) रंगोंका ज्ञान। चिकना, खुरदरा आदि का ज्ञान।

(ङ) रसायन-ज्ञान—मीठा, खट्टा, नमकीन स्वादों का ज्ञान कराना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कक्षा २

हिन्दी

भाषा-शिक्षा के निम्नलिखित अंग होंगे:—

(क) मौखिक अभ्यास

(अ) वार्तालाप (संलाप)-इस कक्षा में बालक या बालिका का शब्द-कोश बढ़ाने का प्रयत्न होना चाहिए। गणित तथा सामान्य ज्ञान में जो शब्द वे सीखें उन्हें दुहराना और उनका स्वयं प्रयोग करना उन्हें आना चाहिए।

(आ) कथा-कहानियाँ—पिछली कक्षा के अनुसार।

(इ) कविता-पाठ—अपनी पाठ्यपुस्तक, मासिक पत्रों तथा अन्य बाल-पोथियों की सरल कविताओं का भावात्मक पाठ।

(ई) अभिनय—सुनी-समझी हुई कहानियों और कविताओं का अभिनय।

(उ) वर्णन—बच्चे अपने गाँव तथा नगर की विविध वस्तुओं, दृश्यों, घटनाओं या व्यापारों, उत्सवों, समारोहों आदि के विषय में कह सकें।

(ख) वाचन और अध्ययन

पाठ्यपुस्तक में निम्नलिखित विषयों पर सरल पाठ हों—

गद्य

(अ) प्रकृति जीवन (आ) बालक की घरेलू परिस्थिति, पाठशाला तथा गाँव (इ) स्वास्थ्य (ई) खेती और दूसरे उद्योग (उ) त्यौहार-उत्सव (ऊ) पौराणिक अथवा लोक-प्रचलित

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कहानियाँ (रामायण, महाभारत, पुराण, कथासरित्सागर से
(ए) अन्य देशों के बाल-जीवन की कहानियाँ।

पद्य

कथात्मक और सरल बालोपयोगी कविताएँ।

छात्रों को पाठों में आये हुए शब्दों का अर्थ और उन
मौखिक मौलिक प्रयोग आना चाहिये।

(ग) लेखन

(अ) श्रुतिलेख—संयुक्त शब्दों और उनसे बने हुए वाक
को सुनकर लिख सकें।

(आ) सुलेख—पाठ्य पुस्तक या श्यामपट देख-देख
अपनी पट्टी पर शुद्ध और सुन्दर अक्षरों में गद्य या पद्य वा
लिखना चाहिए। लेखन का सब अभ्यास कलम से
होना चाहिए।

२: गणित

अंकगणित

(१) ९९९ तक गिनना और लिखना।

(२) २० तक जोड़-बाकी (मौखिक)। खड़े व आड़े ख
में २ और ३ अंकों की संख्याओं का जोड़ (योग ९९९ से अ
न हो)।

(३) किन्हीं २ व ३ अंकों की संख्याएँ घटाना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(४) तीन-तीन, चार-चार और छः-छः करके १०० तक गिनना (मौखिक)।

(५) १०×१० तक का मौखिक गुणा; १० तक पहाड़े।

(६) सरल गुणा (फल ९९९ से अधिक न हो)।

(७) ३ अंकों तक की संख्या में ९ तक की संख्या से भाग, (गुणा व भाग के चिन्हों × ÷ का ज्ञान)

(८) लंबाई नापने और तौल करने का अभ्यास।

(९) सिक्कों (रुपया, आना, पैसा, पाई) वजन (पंसेरी, सेर, छटाँक, व तोला और अन्नी) और लंबाई (गज, फुट व इंच) के नापों का ज्ञान।

(१०) गुंडी (लट्टी), कली व तार का ज्ञान।

रेखागणित

सरल आकृतियाँ—वर्ग, चतुर्भुज, त्रिभुज और वृत्त की पहचान

३ सामाजिक विज्ञान

(क) इतिहास

१—प्राचीन कालीन जीवन—निम्नलिखित प्राचीन सभ्यताओं का ज्ञान सरल, कल्पित व ऐतिहासिक कहानियों के रूप में विद्यार्थियों को कराना चाहिए।

(i)—बेबिलन—नहरों तथा पम्पों द्वारा सिंचाई, लेखन-प्रणाली की उत्पत्ति; मिट्टी की लिखने की पट्टियाँ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कक्षा २)

(ii) **मोहिन जो दड़ो**–व्यापार व खेती ईटें बनाना, नालियाँ व स्नानघर, पशुओं का प्रयोग, कपड़ा बुनना, मिट्टी की मुहरें।

(iii) **मिश्र**–कृषि, कताई–बुनाई, पिरामिड।

(iv) **वैदिक भारत**–घुड़सवारी, विभिन्न वर्ग और उनके मुखिया, अङ्कगणित, प्रकृति–पूजा।

(v) **फिनीशियन लोग**–सामुद्रिक यात्राएँ, व्यापार, साहसी कार्य, लिपि का आविष्कार।

(vi) **यूनानी**–स्वतन्त्र नागरिक, यूनानी दास, व्यायाम व, खेलों में रुचि, ओलिम्पिक प्रतियोगिता।

(vii) **रोम**–रोम के कानून, नगरों, सड़कों, घरों आदि का निर्माण।

(viii) **यहूदी**–एकेश्वरवाद।

२–प्राचीन व अर्वाचीन प्रमुख आविष्कार और अनुसंधान–

(i) सुमेरियनों द्वारा—सिंचाई, लिपि।
(ii) भारतीयों ,, —संख्या व अङ्कगणित।
(iii) चीनियों ,, —रेशम, बारूद, कुतुबनुमा।
(iv) यूनानियों ,, —गृह-निर्माण; मूर्ति-कला।
(v) रोम-निवासियों ,, —सड़कें, नालियाँ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(vi) जर्मनों द्वारा—छापे की मशीन, वायु-यान।
(vii) अंग्रेजों ,, —भाप की शक्ति।
(viii) इटैलियनों ,, —बेतार की तारवर्की।
(ix) अमरीकियों,, —विद्युत्-शक्ति।

(ख) भूगोल

पिछली कक्षा ज्ञान के अतिरिक्त निम्नलिखित बातों की यथासंभव प्रत्यक्ष जानकारी करना और इनके संबन्ध में कुछ मोटी-मोटी बातें बतलाना—

(१) आकाश-परिचय : ध्रुवतारा, सप्तर्षिमण्डल, आकाशगंगा और उल्का की पहिचान।

(२) पृथ्वी-परिचय :

प्राकृतिक पदार्थ :—पठार, मैदान, नदी का उद्गम व प्रवाह, नदीतल, नदीतट, कगार, सहायक नदियाँ, संगम, डेल्टा, शाखा-नदियाँ, मुहाना और जंगल।

विशेष:—ऊपर लिखी हुई बातों का परिचय प्रत्यक्ष ज्ञान के अभाव माँडल तथा मानचित्र से भी कराया जा सकता है।

कृत्रिम पदार्थः—गाँव, कस्बा, नगर (शहर) पगडंडी, रेल सड़क आदि स्थल मार्ग, जल मार्ग तथा वायु-मार्ग।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कक्षा २)

(३) नैसर्गिक दृश्य तथा व्यापार — (Natural phenomena) ओस, कुहरा धुन्धु, बादल. पाला, तुषार, ओले, वर्षा, मेघगर्जना और बिजली का परिचय (प्र — ज्ञान)।

(४) देश–परिचय–(ग्लोब तथा मानचित्र द्वारा) महादेशों के मुख्य–मुख्य देशों का परिचय (स्थिति ज्ञान)—भारत, चीन, जापान, फारस, अरब, इंगलैण्ड, जर्मनी, फ्रांस इटली, यूनान, मिश्र और संयुक्त अमेरिका।

(५) भौगोलिक कहानियाँ —निम्नलिखित लोगों के विषय में इनके रहन,-सहन, खान,-पान, और वेशभूषा की परिचायक कहानियाँ बतलाना —ध्रुव प्रदेश के एस्किमो विषुवत् प्रदेश के बौने, अफ्रीका के हब्शी, सहारा के बद्दू और तिब्बत के लोग।

(६) चारों दिशाओं का बोध।

(ग) सरल नागरिक शास्त्र

(१- नागरिक– जीवन

कक्षा (१) के काम को आगे बढ़ाकर, उसे पड़ौस और गाँव में घटित किया जाय।

यह सब काम व्यावहारिक या प्रायोगिक रूप से होगा।

४ गृहविज्ञान स्वास्थ्य रक्षा

पहली कक्षा की भाँति प्रायोगिक (Practical) रूप से स्वास्थ्य-रक्षा की शिक्षा देने के साथ ही साथ तत्सम्बन्धी कुछ मोटी-मोटी बातें भी बताना चाहिए। जैसे:—

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कक्षा २]

(क) शरीर की स्वच्छता—मैले-कुचेले रहने से हानियाँ—दुर्गन्ध आना, गन्दगी किसी को अच्छी नहीं लगती - मैले हाथों से न खाना और न कोई खाने की चीज छूना।

(ख) बालों की सँभाल—रोज कंघी करना, तेल डालना, समय पर धोना, लीख और जूँ से बचना, बढ़ने न देना, साफ रखना, दाँतों से न काटना।

(ग) दाँतों की सफाई—सुबह मंजन करना, खाने के बाद अच्छी तरह कुल्ला करना, दतौन, पिन, लकड़ी आदि से कुरेदने से हानि कारक परिणाम।

(घ) स्नान—प्रति दिन एक बार अवश्य नहाना मुँह, हाथ, पाँव जरूरत के अनुसार कई बार धोते रहना, ठंड में उनपर मैल न जमने पावे। नहाने से पहले तेल की मालिश।

(ङ) आँख और कान की सफाई—आँखों को ठण्डे पानी से छींटे देकर धोना, कानों में तेल डालना, शरीर की भीतरी सफाई, नियमित समय पर प्रति दिन शौच जाना, सोने से पहले और उठने के बाद सुबह एक गिलास पानी पीना लाभदायक होता है। साँस लेना, नाक से साँस लेना, लम्बी साँस लेना अच्छा है। नाक की सफाई।

(५) साधारण ज्ञान

(क) जीव—विज्ञान—बैल, घोड़ा, हाथी, बन्दर, गिलहरी, मक्खी,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कक्षा ३)

मच्छर, चींटी मेंढ़क, चिड़ियां पंडुखी बगुला तोता के बारे में जानकारी। उनकी आदतें और बदन की बनावट की खास खास बातें।

(ख) वनस्पति-ज्ञान-वृक्षों के मुख्य भाग और उनके साधारण काम आसपास के कुछ सामान्य-असामान्य वृक्षों, पौधों और सब्जियों की पहिचान। फल-फूलों का ज्ञान और गुण बतलाना।

(ग)–प्राकृति-ज्ञान–गर्मी, वर्षा, और ठंड का बनस्पति और जीव-जन्तु पर असर। छः ऋतुओं का परिचय–बारह महीनों के साथ उनका सम्बन्ध।

(घ) –भौतिक-ज्ञान–लोहा, राँगा, सीसा, ताँबा, पीतल, चाँदी और सोने की पहिचान। लाल, पीला और नीला तीन रंगों के मिश्रण से बने हुए तीन और (नारंगी, हरा, बैंगनी) रंगों का ज्ञान

(ङ)-रसायन–ज्ञान–कड़वा, चरपरा (तीका) और कसैला स्वाद का ज्ञान और भेद कराना।

कक्षा ३

हिन्दी

भाषा-शिक्षा के निम्नलिखित अङ्ग होंगे—

(क) मौखिक अभ्यास

(अ) संलाप—ग्राम, नगर, समाज और देश की बातों पर।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कक्षा ३)

(आ) कथा–कहानियाँ–पौराणिक, ऐतिहासिक या काल्पनिक।

(इ) कविता-पाठ–नीति के दोहे, सरल वर्णनात्मक प्रसंग।

(ई) अभिनय–पठित कविताओं और कहानियों का अभिनय।

(उ) वर्णन– वार्तालाप-खंड के अनुसार।

(ख) वाचन और अध्ययन।

गद्य

(अ) प्रकृति जीवन (आ) बाल–जीवन के विविध क्षेत्र (इ) स्वास्थ्य (ई) खेती तथा अन्य उद्योग (उ) सभा–समारोह और त्यौहार-उत्सव (ऊ) पौराणिक अथवा लोक–कथाएँ (ए) अन्य देशों के बाल–जीवन की कहानियाँ (ऐ) बुद्ध, ईसा, मुहम्मद जैसे महापुरुषों के जीवन की कहानियाँ।

पद्य

छात्र की क्षमता के अनुकूल सरल कविताएँ।

छात्रों में निम्नलिखित योग्यता आनी चाहिये—

(१) पाठों का शुद्ध, सस्वर और भावपूर्ण उच्चारण से पाठ।

(२) पाठों में प्रयुक्त शब्दों और वाक्यों का आशयज्ञान तथा उनका मौखिक और मौलिक प्रयोग।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(३) स्वाध्याय के लिए सरल कविताओं का मन में पाठ।

(४) शब्द का अर्थ हृदयंगम करने के लिए विषयधि का ज्ञान।

(ग) लेखनः—निम्नलिखित लेखन-कार्य कापी पर कलम से होना चाहिए—

(अ) श्रुतिलेख— पठित पुस्तक या अन्यत्र से सुनकर वाक्य तथा अपठित कठिन शब्द लिखना।

(आ) सुलेख—पठित या अपठित पुस्तक से देख-देख कर कापी पर शुद्ध सुन्दर अक्षरों में गद्य अथवा पद्य की पंक्तियाँ लिखना।

(इ) स्वलेख—दैनिक जीवन की किसी सरल घटना, पक्षी, पशु आदि के सम्बन्ध में सरल वर्णन, पत्र या कहानी।

(ई) आलेख—निरीक्षण के अभ्यास के उद्देश्य से दिन आदि के मौसम, कार्यकलाप (routine), छोटी यात्रा का विवरण लिखना।

इस कक्षा से लेकर 'संस्कृता' कक्षा तक प्रत्येक विद्यार्थी के पास अपने हाथ की लिखी एक ग्रंथि रहेगी, जिसमें अपनी रुचि की कविता, कहानी, वर्णन तथा लेखन अङ्ग के 'स्वलेख' और 'आलेख' खंड में वर्णित वस्तु का संकलन होगा। यह संकलन कक्षा-क्रम से विद्यालय में सुरक्षित रहेगा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(घ)—कविता पाठ

कक्षा ३]

(अ) पाठ्य-पुस्तक की कविता का पुस्तक में देखकर भाव-पूर्ण ढंग से पाठ।

(आ) पाठ्य पुस्तक से कंठस्थ कविता का सस्वर पाठ।

(इ) अधूरी कविता की तुकबन्दी।

२ गणित्—

अंकगणित

(१) ७ अंकों तक की संख्याएँ गिनना और लिखना।

(२) जोड़-बाकी—(प्रतिदिन के कार्यों में जिन क्रियाओं की आवश्यकता हो उनका अभ्यास) सात-सात, आठ-आठ, नौ-नौ करके १०० तक जोड़। मौखिक जोड़-बाकी।

(३) १६ × १६ तक का गुणा (मौखिक)। २५ तक पहाड़े।

(४) लंबा गुणा (फल ७ अंकों से अधिक न हो)।

(५) तीन अंकों तक की संख्या से लम्बा भाग।

(६) ५ तक की संख्या से संक्षिप्त भाग (मौखिक)।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(७) मिश्र जोड़ तथा बाकी के सरल प्रश्न।

(८) $\frac{१}{२}$, $\frac{१}{४}$, व $\frac{३}{४}$ भिन्नों का ज्ञान।

(९) वजन (तोले, छटाँक, सेर, पंसेरी, मन), लम्बाई (गज, व गिरह, तथा इंच, फुट, गज फर्लांग व मील) और समय (सेकेंड व मिनट से लेकर वर्ष तक) के पैमाने तथा इन पर आधारित जोड़-बाकी के प्रश्न।

(१०) रकम, लम्बाई, वजन और समय के नापों को छोटे में बदलना।

(११) परिमाण की पहचान और २० तक पाव, आधा व पौन का पहाड़ा।

रेखागणित

(१) कोणों की पहिचान (लघु, दीर्घ और समकोण)

